आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 16 अंक : 33 लखनऊ, रविवार 07 दिसम्बर 2025 से 13 दिसम्बर 2025 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## होमगार्ड्स समाज की सुरक्षा की रीढ़, सरकार उनके कल्याण के लिए संकल्पित : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड्स के जवान केवल स्वयंसेवक ही नहीं, बल्कि समाज का विश्वास और प्रदेश सरकार की शक्ति हैं। उनका अनुशासन, निष्ठा और त्याग समाज की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाता है। राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता मानकर किया गया उनका सेवा कार्य ही उन्हें महान बनाता है। प्रदेश सरकार होमगार्ड्स जवानों के कल्याण के लिए पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स संगठन के ६३वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परेड की सलामी ली और राष्ट्रपति पदक से सम्मानित अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने रैतिक परेड की उच्च प्रशंसा करते हुए इसे विभाग के उत्कृष्ट अनुशासन, दक्षता और समर्पण का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का



महापरिनिर्वाण दिवस भी है। बाबा साहब ने हमें भारतीयता की पहचान से जुड़ने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्दीधारी बलों के प्रति सम्मान को राष्ट्रीय संस्कार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष १६६३ में स्थापित होमगार्ड्स संगठन तब से उत्तर प्रदेश पुलिस का मजबूत सुरक्षा कवच बना हुआ है। वर्ष २०२४ २५ में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपति पदक व ३८ कमेंडेशन डिस्क प्रदान की गई हैं। आज होमगार्ड्स पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यातायात, डायल–११२, चुनाव ड्यूटी, जेल सुरक्षा, परीक्षाओं और कुम्भ जैसे विशाल आयोजनों में अहम भूमिका निभा रहा है। आपदा प्रबंधन में भी ४,००० से अधिक जवान 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रयागराज महाकुम्भ–२०२५ में १४,००० से अधिक होमगार्ड्स जवानों की तैनाती कर उत्कृष्ट सेवाएं ली गईं। कोविड–१६ महामारी के दौरान भी होमगार्ड्स जवानों ने श्रमिकों की सुरक्षित वापसी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब तक २,८७१ दिवंगत होमगार्ड्स जवानों के आश्रितों को १४३.५५ करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने होमगार्ड्स जवानों के भत्तों में वृद्धि की है, अंतरजनपदीय भत्ता चार गुना किया गया है और ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है। वर्तमान में विभाग के ४४ कार्यालय अपने भवनों में संचालित हैं, जबकि ११ बहुमंजिला भवनों का निर्माण प्रगति पर है। दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में अब ३५ से ४० लाख रुपये तक की बीमा सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में ४१,४२४ रिक्त होमगार्ड्स पदों पर एनरोलमेंट प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद में तैनाती देने पर विचार किया जा रहा है। प्रत्येक थाने में होमगार्ड्स जवानों के लिए अलग कक्ष आरक्षित करने और आयुष्मान भारत की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने का भी प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम को होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, कमांडेंट जनरल एम.के. बशाल सहित अनेक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अखिलेश का भाजपा पर निशाना, बोले- देश व्यक्तिगत सनक से नहीं, संविधान से चलेगा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी विपक्षी नेताओं के सुर में सुर मिलाते हुए भाजपा और उसके सहयोगियों पर निशाना साध रहे हैं। **X** पर एक पोस्ट में, सपा नेता ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र के विरोधी वही हैं जो एक व्यक्ति का शासन लाना चाहते हैं। सपा नेता ने पोस्ट किया कि देश का नारा जय जवान, जय किसान, जय संविधान होना चाहिए। संविधान की बात करें तो कोई पक्ष या विपक्ष नहीं होना चाहिए। सभी एक स्वर में एक तरफ होने चाहिए। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि नींव भी है। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र के लिए सबसे दुखद बात यह है कि संसद में संविधान बचाने की बहस हो रही है, जबकि चर्चा संविधान के अनुसार देश को आगे बढ़ाने की होनी चाहिए। संविधान पर संकट दरअसल लोकतंत्र पर संकट की छाया है। जो लोग संविधान को कमजोर करना चाहते हैं, वे लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं, और लोकतंत्र के विरोधी वही हैं जो एक व्यक्ति का शासन लाना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि देश संविधान के



अनुसार चलना चाहिए, न कि व्यक्तिगत सनक के अनुसार। उन्होंने कहा कि संविधान अधिकार देता है और जो लोग अधिकारों को कुचलना चाहते हैं, वे संविधान को नकारने की कोशिश करते हैं। मैंने यह कई बार कहा है और आज फिर कह रहा हूँ कि संविधान ही संजीवनी है। इसमें देश को अच्छा बनाने और उसे अच्छा बनाए रखने की शक्ति है। संविधान लोकतंत्र का कर्म ग्रंथ है। इसलिए हमारे लिए संविधान ही कर्म ग्रंथ है। देश संविधान से चलना चाहिए, न कि व्यक्तिगत सनक के अनुसार। उन्होंने आगे कहा कि संविधान ही पिछड़ा–दलित–अल्पसंख्यक गठबंधन का मार्गदर्शक है, जिसका उनकी पार्टी समर्थन करने का दावा करती है। उन्होंने कहा कि संविधान पीडीए का मार्गदर्शक है। क्योंकि संविधान ही व्यक्ति की गरिमा और सम्मान सुनिश्चित करता है। यही पीडीए समाज को शोषण और उत्पीड़न से बचाता है और शोषकों को दंड देता है। इसलिए संविधान हम पीडीए के लोगों के लिए आखिरी उम्मीद का नाम है। संविधान हमारा सुरक्षा कवच है। संविधान हमारी ढाल है। संविधान है तो सुरक्षा है। संविधान है तो शक्ति है। संविधान देश के ६०: शोषित, उपेक्षित, पीड़ित और वंचित लोगों के अधिकारों का सच्चा रक्षक है। संविधान सबसे बड़ा सहायक है। इसलिए संविधान की रक्षा पीडीए के लिए जीवन–मरण का प्रश्न है। जो लोग संविधान का सम्मान नहीं करते, उनके लिए यह एक कोरा पन्ना मात्र है।

## बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू कर दिया है। यह जानकारी शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान के अनुसार, पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू होने के बाद जिन अवैध प्रवासियों ने अन्य राज्यों में नए ठिकाने तलाशने शुरू किए थे, उन्हें रोकने और उनकी पहचान से लेकर निर्वासित करने की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने वाला संगठित म डल उत्तर प्रदेश तैयार कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और अवैध घुसपैठ किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बयान में कहा गया, "प्रदेश में जारी व्यापक सत्यापन अभियान ने घुसपैठियों के संगठित नेटवर्क को उजागर किया है। कई जिलों में बड़ी संख्या में रोहिंग्या और बांग्लादेशी संदिग्धों की पहचान हुई है। इसी दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अभियान चलाकर कई रोहिंग्या घुसपैठियों को पकड़ा, जो इस नेटवर्क की गहराई को दर्शाता है।" इसमें कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के हर मंडल



में निरुद्ध केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। पकड़े गए अवैध प्रवासियों को इन केंद्रों में तब तक रखा जाएगा, जब तक उनकी कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। बयान में कहा गया, "निर्वासित करने की प्रक्रिया विदेश क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के सहयोग से संचालित की जा रही है और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि संबंधित जानकारी प्रतिदिन गृह विभाग को भेजी जाए।"

# सम्पादकीय

## पूंजी खातों की सूरत बिगड़ी

रुपया गिरते— गिरते एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में ६० की मनोवैज्ञानिक संख्या को पार कर गया है। मुद्रा की गिरती कीमत के साथ विनिमय बाजार में देश में उत्पादित सामग्रियां सस्ती होती हैं। उनके परिणामस्वरूप श्रम एवं लागत सामग्री का मूल्य गिरता है। इस तरह यह कुल मिलाकर संबंधित देश में जीवन स्तर को नीचे ले जाता है। भारत के साथ अभी ये बात इसलिए अधिक गंभीर हो गई है, क्योंकि रुपये की कीमत उन अधिकांश देशों की मुद्राओं की तुलना में गिरती चली जा रही है, जिनसे भारत कारोबार करता है। बीते एक साल में ऐसी ४० मुद्राओं के बास्केट की तुलना में रुपया सस्ता हुआ है। सबसे ज्यादा— १५.४ प्रतिशत— कीमत यूरो की तुलना में गिरी है। अमेरिकी डॉलर की तुलना में ये गिरावट ६.१ फीसदी रही है। बताया गया है कि अक्टूबर में भारतीय निर्यात में ४१ बिलियन डॉलर से अधिक की रिकॉर्ड गिरावट की खबर आने के बाद गिरावट की रफ्तार तेज हो गई। इससे जाहिर हुआ कि चालू खाता और पूंजी खाता दोनों में भारत को विदेशी मुद्रा गंवानी पड़ रही है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शेयर बाजार के नकदी सेगमेंट से इस वर्ष १७ बिलियन ड लर से अधिक निकाल चुके हैं। बहरहाल, ये फौरी वजहें हैं। असल मुद्दा दीर्घकालिक रुझान का है। अभी गुजरे हफ्ते ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विनिमय दर व्यवस्था को घुटना—टेक (क्राउल—लाइक) श्रेणी में डाल दिया। इसके पहले वह इसे फ्लोटिंग से गिराकर स्थिरकृत (स्टैबलाइज्ड) श्रेणी में रखा हुआ था। फ्लोटिंग श्रेणी में मुद्रा अपनी ताकत से अपना मूल्य बनाए रखती है। स्टैबलाइज्ड श्रेणी वह होती है, जिसमें सेंट्रल बैंक अपने हस्तक्षेप से रुपये की एक निश्चित कीमत बरकरार रखता है। जब सेंट्रल बैंक ऐसा करने की इच्छाशक्ति खो देता है, तो आईएमएफ मुद्रा को क्राउल—लाइक श्रेणी में रखता है। कुल मिलाकर मुद्रा का मूल्य अर्थव्यवस्था की मूलभूत शक्ति का आईना है। अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकाएं बढ़ा रखी हैं। उसके परिणामस्वरूप चालू एवं पूंजी खातों की सूरत बिगड़ी है। उसकी झलक रुपये की कीमत में दिख रही है। कुल मिलाकर भारत के लिए बेहद मुश्किल घड़ी है।

## सीएम योगी का दावा - वर्ष २०२६-३० तक एक ट्रिलियन डॉलर की इकोन मी बनेगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत के विजन २०४७ को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे अहम है। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत को वर्ष २०२७ तक ५ ट्रिलियन डॉलर और २०४७ तक ३० ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है जब देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य समान गति और संकल्प के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का लक्ष्य वर्ष २०२६—३० तक १ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का है और राज्य की वर्तमान प्रगति इस दिशा में उत्साहजनक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' और 'आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को पूरा करेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रारंभिक दौर में कई उद्यमी उत्तर प्रदेश लौटने से हिचकिचाते थे और राज्य



के प्रति नकारात्मक धारणा रखते थे। योगी ने कहा कि उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि नया उत्तर प्रदेश उन्हें अवश्य दिखाई देगा। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप रोड शो में ढाई लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए और पहले इन्वेस्टर समिट में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग चार लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष २०२३ के तीसरे इन्वेस्टर समिट में उत्तर प्रदेश को कुल ४० लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस प्रकार राज्य को अब तक कुल ४५ लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं जिनमें से १५ लाख करोड़ की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं और उनमें उत्पादन शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अगले संस्करण का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब ५ लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्राउंड ब्रेकिंग के अगले संस्करण के आयोजन की तिथि तय की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निवेश के क्षेत्र में यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के लिए एक नया मील का पत्थर है और डबल इंजन सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है जो अब सभी को प्रत्यक्ष दिख रहा है।

## सपा अपनी संभावित हार के डर से बौखलाई हुई है और अनर्गल बयानबाजी कर रही : बृजेश पाठक


लखनऊ/बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने आज बाराबंकी भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी, जमीयत उलेमा—ए—हिन्द के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। एसआईआर को लेकर आयोजित इस प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सपा अपनी संभावित हार के डर से बौखलाई हुई है और अनर्गल बयानबाजी कर रही है। मदनी के हालिया 'जिहाद' बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जिहाद करने वालों को ऊपर वाला माफ नहीं करेगा। उन्होंने जिन्ना का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के बंटवारे में उनकी भूमिका जगजाहिर है। लेकिन जिन्ना का अंतिम समय आया तो जिस एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, उसका पेट्रोल खत्म हो गया। ऐसे लोगों को ऊपर वाला माफ नहीं करता। पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी एसआईआर के खिलाफ केवल दिखावा कर रही है। सपा एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है, जिसमें भैया—चाचा और पूरा परिवार ही पदाधिकारी हैं। हार दिख रही है, इसलिए विरोध का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बिहार में एसआईआर पूरी तरह सफल रहा




और वहां ६५ लाख अवैध नाम मतदाता सूची से हटाए गए। पूरे बिहार से एक भी शिकायत नहीं आई। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में लालू—तेजस्वी को बिहार की जनता ने फिर नकार दिया। चुनाव सफलतापूर्वक हुआ, इसलिए सपा को डर लग रहा है। सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि गुंडों, लुच्चों और लफंगों को प्रमोट करके समाजवादी पार्टी बनी है। उनकी सरकार में अपराधियों का बोलबाला था। पाठक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ—सबका विकास की नीति पर चल रही है। सभी पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है। भारत आज ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है और डिजिटल लेनदेन में दुनिया में नंबर एक है। सोशल मीडिया पर वायरल खबरों को लेकर जब अखिलेश यादव के अयोध्या न जाने पर सवाल पूछा गया तो डिप्टी सीएम बोले कि वह जाएंगे भी नहीं। ये तुष्टीकरण वाली राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे भगवान में विश्वास नहीं रखते तो रस्में क्यों करते हैं? अभी घर में शादी हुई तो फेरे लेते दिखे। अगर मानते नहीं तो चार लाइन नमाज पढ़कर निकाह करा लें। बाराबंकी में यह प्रेस वार्ता एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर आयोजित की गई थी, जहां डिप्टी सीएम ने कई राजनीतिक सवालों पर खुलकर अपनी बात रखी।

## मुर्शिदाबाद में तनाव को लेकर विहिप का ममता सरकार पर हमला, बाबरी मुद्दे पर उकसावे का आरोप

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हाल के घटनाक्रमों को लेकर राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विहिप ने दावा किया है कि क्षेत्र में अल्पसंख्यक




हिंदुओं पर पिछले महीनों में हुए हमलों के बाद अब बाबरी मुद्दे का उपयोग कर पुनः सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिशें की जा रही हैं। बंसल के अनुसार, श्राम जन्मभूमि पर आया फैसला देश और दुनिया के लिए अंतिम सत्य है, ऐसे में इसे चुनौती देने या लोगों को भड़काने का कोई औचित्य नहीं। बाबरी मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर मुस्लिम तुष्टिकरण और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशें की जा रही हैं जो उनके अनुसार बंगाल की कानून—व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाल सकती हैं।' उन्होंने कहा कि बंगाल में पहले से श्अवैध घुसपैठ और कट्टरपंथी तत्वों के कारण हिंदू समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है, ऐसे में उत्तेजक बयानबाजी स्थिति को और बिगाड़ सकती है। विहिप प्रवक्ता ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बाबरी विवाद की आड़ में बंगाल या देश के किसी भी हिस्से में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा या उपद्रव होता है, तो इसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उनकी सरकार और संबंधित विधायक की होगी। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्यपाल से भी आग्रह किया कि समय रहते उपद्रवी और उकसावे वाली मानसिकता पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि राज्य में कानून—व्यवस्था स्थिर रह सके।

## इंडिगो की उड़ानें रद्द, रेलवे ने संभाला पूरा मोर्चा

लखनऊः देशभर में इंडिगो की सैकड़ों फ्लाइटें अचानक रद्द होने से हवाईअड्डों पर अफरा—तफरी मच गई। हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंसे नजर आए तो भारतीय रेलवे ने तुरंत कमान संभाली और यात्रियों की मुसीबत को मौके में बदल दिया। रेल मंत्रालय ने महज कुछ घंटों में बड़ा ऐक्शन लेते हुए ३७ नियमित ट्रेनों में कुल ११६ अतिरिक्त कोच जोड़ दिए। इन कोचों की मदद से ११४ से ज्यादा अतिरिक्त फेरे चलाए जा रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा प्रभावित रूट्स पर सीटों की भारी कमी दूर हो गई है।

## तीन वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन सश्रम कारावास

लखनऊ/कुशीनगर। विशेष 'पॉक्सो' अदालत ने बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को पांच साल से अधिक समय पहले तीन साल की बच्ची से बलात्कार करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत विशेष अदालत ने दोषी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फूलबदन व अजय गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार ने मामले में सत्येंद्र को दोषी करार देते हुए कहा कि उसे सभ्य समाज में रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि मौका मिलने पर वह किसी अन्य मासूम बच्चे को भी अपना शिकार बना सकता है। अदालत ने कहा कि तीन साल की बच्ची से ऐसा जघन्यत्य करने वाला व्यक्ति अधिकतम सजा का हकदार है। सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि वादी ने २३ जून २०२० को नेबुआ नौरंगिया थाने में सूचना दी कि आरोपी आम खिलाने के बहाने उनकी तीन वर्ष की बच्ची को अपने घर ले गया। घर में कोई नही था, जहां उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। इधर बच्ची को ढूंढने निकली उसकी मां को लोगों ने बताया कि उन्होंने बच्ची को सत्येंद्र संग जाते देखा था। बच्ची की तलाश में मां आरोपी के घर गई, जहां उसने सत्येंद्र को बच्ची का यौन उत्पीड़न करते देखा। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत ने जुर्माने का ८० प्रतिशत पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि, योजनाओं को बताया समता–न्याय का आधार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन–दर्शन समाज को नई दिशा और प्रेरणा



देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव की जंजीरों को तोड़कर वंचित, दलित और पिछड़े वर्ग को सम्मानजनक जीवन का अधिकार दिलाया। मुख्यमंत्री ने हजरतगंज स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के साथ–साथ बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा परिसर में तथागत बुद्ध की प्रतिमा और अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेक योजनाएं बाबा साहब की शिक्षाओं से प्रेरित होकर संचालित की जा रही हैं। पंचतीर्थ का निर्माण, छात्रवृत्ति योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम इसी दिशा में प्रयास हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में बाबा साहब द्वारा दिए गए न्याय, समता और बंधुता के सिद्धांत आज सरकार की नीतियों का आधार हैं। गरीबों को राशन, आवास, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा और घरौनी के माध्यम से स्वामित्व अधिकार उपलब्ध कराने की योजनाएं इसी सोच का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, सफाईकर्मियों और संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी देने की दिशा में कार्य कर रही है। 'जीरो पावर्टी' अभियान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और अति पिछड़े वर्ग के गरीबों को चिन्हित कर पेंशन, राशन, आवास और आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्थापित बाबा साहब की मूर्तियों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वाल और छत्र का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही दलित और वंचित बस्तियों को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण में मिल रहा राजनीतिक दलों का सहयोगः नवदीप रिणवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में तेज प्रगति है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुनः अपने स्तर पर गहन जांच करने तथा इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अपील की है कि राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में ३४ विधानसभा क्षेत्रों में तथा ६१,४४१ बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया



है। उन्होंने बताया कि अब तक १५.४३ करोड़ से अधिक (लगभग ६६.६३) गणना प्रपत्रों का वितरण हो चुका है, जिसमें १४.५२ करोड़ से अधिक (लगभग ६४.०४ प्रतिशत) गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

# लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारी का औचक निरीक्षण, गणना प्रपत्र भरने में तेजी लाने की अपील

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने शुक्रवार को विधानसभा–१७१ सरोजनी नगर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर गणना प्रपत्रों के कलेक्शन और



फीडिंग की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे शीघ्र गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय सरसवां के बूथ संख्या ५११, ५१२, ५१३, ५१४ एवं ५१५ तथा प्राइमरी स्कूल अर्जुनगंज के बूथ संख्या ५१८, ५१९, ५२०, ५२१ एवं ५२२ का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद सेक्टर–६ वृंदावन योजना स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के बूथ संख्या ४१४ से ४२२ तक की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बूथ लेवल अधिकारियों ने बताया कि मतदाता लगातार गणना प्रपत्र भरकर जमा कर रहे हैं और फीडिंग की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है।

# फर्जी फर्मों से बांग्लादेश तक फेंसेडिल तस्करी का खुलासा, बर्खास्त सिपाही समेत तीन की भूमिका उजागर

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में करीब २२ माह पूर्व, फरवरी २०२४ में करोड़ों रुपये की फेंसेडिल कफ सिरप पकड़ी गई थी। जांच में सामने आया कि यह सिरप शुभम जायसवाल ने बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह और उसके साथी अमित सिंह उर्फ टाटा के लिए भेजी थी, जिसे पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश तस्करी कर पहुंचाया जाना था। एसटीएफ और एफएसडीए की संयुक्त टीम ने उस खेप को समय रहते पकड़ लिया था। शुरुआती जांच में केवल अमित टाटा का नाम सामने आया था, जबकि शुभम जायसवाल और आलोक सिंह की भूमिका स्पष्ट नहीं हो सकी थी। जांच आगे बढ़ने पर आलोक सिंह की संलिप्तता सामने आई, लेकिन यह पुष्टि नहीं हो पा रही थी कि वह वही बर्खास्त सिपाही है। विभोर राणा और उसके साथी की गिरफ्तारी के बाद इस बात की पुष्टि हो गई। आलोक, पूर्व बाहुबली सांसद का करीबी होने के कारण लंबे समय तक कार्रवाई से बचता रहा। इसी दौरान गाजियाबाद में भी कफ सिरप की सप्लाई से जुड़ा एक



मुकदमा दर्ज हुआ। जांच में अमित टाटा और आलोक सिंह के नाम फिर सामने आए। अब तक एबॉट कंपनी की इस फेंसेडिल सिरप पर रोक लग चुकी थी और कंपनी ने दिसंबर २०२४ में इसका उत्पादन भी बंद कर दिया था। इसके बावजूद फर्जी कंपनियों के जरिए बड़ी मात्रा में सिरप की तस्करी बांग्लादेश तक की जाती रही। एसटीएफ ने ठोस साक्ष्य मिलने पर अमित टाटा को गिरफ्तार किया, जिसके बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। पूछताछ में पता चला कि मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल ने आलोक सिंह के नाम पर धनबाद और वाराणसी में दो फर्में दर्ज कराईं और उन्हीं के जरिए फेंसेडिल की सप्लाई जारी रखी। इसके लिए फर्जी दस्तावेज और फर्जी ई–बिल का इस्तेमाल किया जा रहा था। अब एसटीएफ, सुशांत गोल्फ सिटी थाने में एक साल पहले दर्ज मुकदमे से जुड़े सभी दस्तावेजों की दोबारा गहन जांच कर रही है। जांच में यह भी सामने आया कि जब गोदाम से फेंसेडिल से भरा ट्रक ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचा था, तब शुभम के साथी भी वहां मौजूद थे और पश्चिम बंगाल तक ट्रक के साथ जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही एसटीएफ ने ट्रक को जब्त कर लिया था।

# मेडिकल स्टोर के मालिक के खिलाफ कफ सिरप के अवैध व्यापार पर कार्रवाई

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में अधिकारियों ने एक मेडिकल स्टोर के मालिक के खिलाफ विनियमित कफ सिरप के अवैध व्यापार के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी उत्तर प्रदेश में अत्यधिक विनियमित कोडीन आधारित कफ सिरप की तस्करी और बिक्री पर कार्रवाई के बीच दर्ज कराई गई है, जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऐसे सिरप के अवैध निर्माण और वितरण में शामिल एक व्यापक अंतरराज्यीय और सीमा पार गिरोह के खिलाफ धनशोधन की जांच शुरू की है। आजमगढ़ में बुधवार को औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा की शिकायत के आधार पर दीदारगंज थाने में बिपेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मार्टिनगंज थाना क्षेत्र के बनगांव इलाके में एएस फार्मा का संचालन करने वाले सिंह ने आजमगढ़, बस्ती और जौनपुर जिलों की चार कंपनियों से कोडीन आधारित कफ सिरप की लगभग २.५ लाख बोतलें कथित तौर पर खरीदीं थी। आजमगढ़ ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक चिराग जैन ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों से जल्द ही पूछताछ की जाएगी।

# लोहिया संस्थान में मरीजों की जान से खिलवाड़ः वार्ड ब्वॉय कर रहे सैंपल जांच और इंजेक्शन, वीडियो वायरल

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मरीजों की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की बजाय वार्ड ब्वॉय मरीजों के नमूने लेने और इंजेक्शन लगाने जैसे संवेदनशील कार्य करते नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को तीमारदार द्वारा इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने के बाद संस्थान प्रशासन हरकत में आया है और जांच के आदेश दिए गए हैं। लोहिया संस्थान के १२०० बेड लगभग हमेशा भरे रहते हैं। इमरजेंसी में प्रतिदिन १०० से १५० मरीज पहुंचते हैं। वायरल वीडियो में एक वार्ड ब्वॉय मरीजों की शुगर जांच करता दिखाई दे रहा है, जबकि पास खड़ी स्टाफ नर्स रजिस्टर में बीपी और शुगर दर्ज कर रही है। दूसरे वीडियो में आईसीयू के अंदर एक वार्ड ब्वॉय बुजुर्ग महिला मरीज को इंजेक्शन लगाते हुए नजर आ रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से इस प्रकार के संवेदनशील चिकित्सीय कार्य कराए जाने से संस्थान की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चिंताजनक बात यह है कि यह सब डॉक्टरों की मौजूदगी में हो रहा है, इसके बावजूद लापरवाही पर कोई रोक नहीं लग रही। इस मामले में सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि सैंपल लेने और जांच का कार्य नर्सिंग स्टाफ को ही करना चाहिए। यदि किसी ने यह जिम्मेदारी किसी और को सौंपी है तो दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मविश्वास से सराबोर भारत, बना वैश्विक अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजनश' PM मोदी का उद्घोष

नई दिल्ली। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है, भारत एक अलग लीग में दिखाई दे रहा है। 'एचटी लीडरशिप समिट' में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा हैय जब दुनिया आर्थिक सुस्ती की बात करती है, भारत विकास गाथा लिखता है। उन्होंने कहा कि जब विश्व में विश्वास का संकट है, तो भारत भरोसे का स्तंभ हैय जब दुनिया टुकड़ों में बंटी है, तो भारत सेतु का काम करता है। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप 'स्काईरूट' का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने देश में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार किये हैं, इसके युवा अब नये भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा परिवर्तन केवल संभावनाओं के बारे में नहीं है। यह बदलते जीवन, विकसित होती मानसिकता और एक नई दिशा में बढ़ते राष्ट्र की सच्ची कहानी है। आज हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब ड . भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। मैं सभी भारतीयों की ओर से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मोदी ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं जब इक्कीसवीं सदी का एक–चौथाई हिस्सा बीत चुका है। इन पच्चीस वर्षों में, दुनिया ने कई



उतार–चढ़ाव देखे हैं। इसने वित्तीय संकट देखे हैं। इसने एक वैश्विक महामारी का सामना किया है। इनमें से प्रत्येक स्थिति ने किसी न किसी रूप में वैश्विक समुदाय के लिए चुनौती पेश की है। अनिश्चितता के माहौल के बीच, हमारा राष्ट्र अपनी अलग पहचान बना रहा है। भारत गहरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की दूसरी तिमाही की ८.२ प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि भारत विश्वास के स्तंभ के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, 'जब दुनिया मंदी की बात करती है, तब भारत विकास की गाथा लिख घ्हरहा है। जब दुनिया विश्वास के संकट से जूझ रही है, तब भारत विश्वास का स्तंभ बनकर उभर रहा है। जब दुनिया विखंडन की ओर बढ़ रही है, तब भारत एक सेतु का काम कर रहा है। भारत के लिए दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़े आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाते हैं, जो हमारी प्रगति में एक नई गति को दर्शाता है।ß मोदी ने कहा कि ये केवल संख्याएँ नहीं हैं। ये मजबूत व्यापक आर्थिक संकेत हैं। ये बताते हैं कि भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख विकास चालक के रूप में उभर रहा है। आज, जब हम कल के परिवर्तन पर चर्चा कर रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि हम जिस परिवर्तन की आकांक्षा रखते हैं, वह वर्तमान के कार्यों द्वारा निर्मित मजबूत नींव में दृढ़ता से निहित है। आज हम जो सुधार कर रहे हैं और जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वे हमारे कल के परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

# क्या राष्ट्रपति भवन अब पक्षपात का अखाड़ा? पुतिन के भोज से विपक्षी नेताओं को दरकिनार करने पर भड़के कांग्रेस सांसद

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में आयोजित राष्ट्रपति के भोज में संसद में विपक्ष के नेताओं (एलओपी) को आमंत्रित नहीं किए जाने पर मचे बवाल के बीच, कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन को



पक्षपातपूर्ण प्राथमिकताओं और पूर्वाग्रहों से ऊपर उठने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, एक संवैधानिक राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते, यह सुनिश्चित करें कि द्विदलीय संवाद की परंपरा कायम रहे। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रपति ने विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के लिए आयोजित आधिकारिक रात्रिभोज में विपक्ष के नेताओं को आमंत्रित करने की लोकतांत्रिक परंपरा से विमुख हो गए हैं। हुसैन ने एक्स पर पोस्ट किया कि लंबे समय से चली आ रही लोकतांत्रिक परंपरा से हटकर, भारत के राष्ट्रपति ने संसद में विपक्ष के नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज में आमंत्रित नहीं किया। एक संवैधानिक राष्ट्राध्यक्ष और इस यात्रा के मेजबान होने के नाते, भारत के राष्ट्रपति से अपेक्षा की जाती है कि वे पक्षपातपूर्ण प्राथमिकताओं और पूर्वाग्रहों से ऊपर उठें और यह सुनिश्चित करें कि द्विदलीय संवाद की परंपरा कायम रहे। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी बातचीत से विपक्ष को जानबूझकर बाहर रखने से भारत की संस्थागत विश्वसनीयता कमजोर होती है और विदेशी मामले एक और पक्षपातपूर्ण युद्धक्षेत्र में बदल जाते हैं। इससे पहले, राहुल गांधी ने यह दावा करके राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था कि केंद्र सरकार विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को विपक्ष के नेता से न मिलने की सलाह देती है। उनका तर्क था कि यह एक पुरानी परंपरा को तोड़ता है और सरकार की असुरक्षा को दर्शाता है। सूत्रों ने पुष्टि की कि सरकार के बाहर बैठकें आयोजित करना दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल पर निर्भर करता है। सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि किसी दौरे के दौरान, विदेश मंत्रालय आने वाले गणमान्य व्यक्तियों के लिए सरकारी अधिकारियों और सरकारी निकायों के साथ बैठकें आयोजित करता है। सरकार के बाहर बैठकें आयोजित करना दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल पर निर्भर करता है। सूत्रों ने बताया, ६ जून २०२४ से अब तक निम्नलिखित नेताओं ने विपक्ष के नेता से मुलाकात की है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने १० जून २०२४ को, वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिंग ने १ अगस्त २०२४ को, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने २१ अगस्त २०२४ को, म रीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने १६ सितंबर २०२५ को और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने ८ मार्च २०२५ को।'

# लखनऊ में बुजुर्ग महिला की हत्या का सनसनीखेज खुलासा, पुजारी समेत तीन गिरफ्तार, एक माह पहले रची गई थी लूट की साजिश

लखनऊ। जानकीपुरम सेक्टर–स्थित यूनाइटेड सिटी में अकेले रह रही नीलिमा श्रीवास्तव (७४) की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस वारदात को अंजाम देने वाला पुजारी जितेंद्र मिश्रा लूट की नीयत से करीब एक माह



पहले अपने दो साथियों के साथ साजिश रच चुका था। दोनों आरोपी बुलंदशहर सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह के घर में काम करने वाले नौकर हैं। साजिश के तहत मंगलवार दोपहर जितेंद्र नीलिमा के घर में घुसा और करीब ११ घंटे तक तख्त के नीचे छिपा रहा। रात करीब ११ बजे नीलिमा के सो जाने के बाद वह अलमारी खोलने लगा। आहट मिलने पर नीलिमा की आंख खुल गई और उन्होंने विरोध किया, इस पर आरोपी ने मुंह दबाकर गला घोंट दिया और उनकी हत्या कर दी। इसके बाद अलमारी और बक्से से जेवर और नकदी एक जूट के थैले में भरकर आरोपी रात करीब २रू३० बजे फरार हो गया। एडीसीपी उत्तरी गोपी नाथ सोनी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में इटौंजा के महोना वार्ड–५ निवासी जितेंद्र मिश्रा, बधौली हरदोई निवासी दीपक कुमार उर्फ दीपू और महौली सीतापुर निवासी सुशील कुमार शामिल हैं। दीपक और सुशील सिटी मजिस्ट्रेट के घर में नौकरी करते थे और वहीं रहते थे। जितेंद्र उसी घर में पूजा–पाठ करता था। आठ–आठ हजार रुपये के वेतन से गुजारा मुश्किल होने पर दीपक और सुशील ने करीब एक माह पहले जितेंद्र को बताया था कि नीलिमा श्रीवास्तव के पास करीब २५० ग्राम सोना, अशर्फियां और कंगन हैं। इसके बाद तीनों ने मिलकर घर की रेकी शुरू की और आने–जाने का समय नोट किया। घटना के दिन दोपहर में नीलिमा धूप में टहल रही थीं, तभी मौका देखकर जितेंद्र घर में घुस गया। शाम को नीलिमा घूमने गईं और रात १० बजे लौटकर टीवी देखने के बाद सो गईं। इसी दौरान हत्याकांड को अंजाम दिया गया। एसीपी अलीगंज सैयद अरीब अहमद के अनुसार, हत्या के बाद जितेंद्र पैदल करीब डेढ़ किलोमीटर चलकर अजीजनगर पुलिस चौकी पहुंचा और वहां से ऑटो लेकर इटौंजा अपने घर चला गया। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर इटौंजा तक २५० से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान की। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि घटना के अगले दिन भी जितेंद्र इलाके में घूम–घूमकर लोगों से बातचीत करता रहा। जब सीसीटीवी फुटेज मोहल्लेवासियों को दिखाई गई तो उसकी पहचान हो गई। इसके बाद पुलिस ने टोल प्लाजा के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। लूटे गए जेवर, नकदी और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने सांसद महेश शर्मा की मां के निधन पर शोक जताया

नोएडा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद डॉ. महेश शर्मा के नोएडा स्थित आवास पहुंचे और उनकी मां के निधन पर शोक जताया। यह जानकारी स्थानीय सांसद के एक सहयोगी ने दी। गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा की मां ललिता शर्मा का २६ नवंबर को निधन हो गया था। सांसद के सहयोगी ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार को शोक संतप्त परिवार से मिलने नोएडा के



सेक्टर १५–ए स्थित शर्मा के आवास पहुंचे और उन्होंने लगभग आधे घंटे परिजनों के साथ समय बिताया। उनके मुताबिक, धामी ने डॉ. महेश शर्मा, उनकी पत्नी डॉ. उमा शर्मा तथा परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना दी। धामी ने दिवंगत ललिता शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व सांसद राधा मोहन सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और पूर्व मंत्री अशोक कटारिया भी बृहस्पतिवार शाम शर्मा के आवास पहुंचे और परिवार को संवेदना व्यक्त की।

# IndiGo crisis पर PM मोदी की सख्त नजर, टॉप ऑफिसियल को किया तलब

लखनऊ। इंडिगो लगातार पाँचवें दिन भी गंभीर उड़ान व्यवधानों से जूझ रही है, ऐसे में शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने हस्तक्षेप किया और भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन पर जल्द से जल्द अपना परिचालन बहाल करने का दबाव बनाया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडिगो संकट के बारे में जानकारी दी गई, जिसके कारण पिछले कुछ दिनों में एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं, और पीएमओ सीईओ पीटर एल्बर्स के सीधे संपर्क में है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी इंडिगो के वरिष्ठ अधिकारियों को एक बैठक के लिए बुलाया, जिससे स्थिति की गंभीरता का संकेत मिलता है। हालाँकि शनिवार को परिचालन स्थिर होने के संकेत दिखाई दिए, फिर भी सरकार ने इंडिगो पर दबाव बढ़ा दिया और उसे रविवार रात ८ बजे तक यात्रियों को रिफंड करने का निर्देश दिया। साथ ही, उसने हवाई टिकटों की बढ़ती कीमतों पर भी सख्ती बरती और हवाई किरायों पर सीमाएँ लगा दीं। इंडिगो की लगभग ५०० उड़ानें रद्द कर दी गईं और हवाई अड्डों पर अफरा–तफरी कम हुई। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए अतिरिक्त और विशेष



ट्रेनें चलाकर मदद की। सूत्रों के अनुसार, पीएमओ इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स के सीधे संपर्क में है। एल्बर्स ने परिचालन स्थिर करने के लिए सरकार से १० दिन का समय माँगा है। उन्होंने केंद्र से एफडीटीएल मानदंडों में ढील देने की भी अपील की है, क्योंकि ये बहुत कठोर हैं। हालाँकि, सरकार ने इंडिगो के सीईओ को स्पष्ट कर दिया कि हवाई अड्डों पर सामान्य स्थिति को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो को नियामकीय गैर–अनुपालन, उपभोक्ता प्रभाव, परिचालन संबंधी खामियों और जनहित के उल्लंघन के लिए दंड का सामना करना पड़ सकता है। इंडिगो संकट का असर हवाई किरायों पर भी पड़ा, जो कुछ मार्गों पर चार गुना बढ़ गए। केंद्र ने अब घरेलू इकोन मी क्लास के किरायों की सीमा तय कर दी है। ५०० किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया ७,५०० रुपये, ५००–१,००० किलोमीटर के लिए १२,००० रुपये, १०००–१५०० किलोमीटर के लिए १५,००० रुपये और १५०० किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए १८,००० रुपये तय किया गया है। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को रविवार (७ दिसंबर) रात ८ बजे तक सभी रद्द उड़ानों के लिए रिफंड प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। साथ ही, किसी भी प्रकार का रीशेड्यूलेशन शुल्क न लगाने का भी निर्देश दिया गया है।

# ७ दिसंबर तक रिफंड-क्लियर करो, ४८ घंटे में सामान घर पहुंचाओ, वरना होगी सख्त कार्रवाई, सरकार की लास्ट वॉर्निंग

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को सभी घरेलू इकोन मी क्लास उड़ानों के लिए अधिकतम किराया सीमा को सख्त कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इंडिगो के परिचालन संकट के कारण कई दिनों से चल रही बड़ी संख्या में उड़ानों के रद्द होने और क्षमता की कमी के बाद यात्रियों की सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था। नई किराया सीमाएँ तुरंत प्रभाव से दूरी के आधार पर लागू होंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) ने इंडिगो को अगले ४८ घंटों के भीतर उड़ान रद्द या देरी के कारण अलग किए गए सभी यात्रियों के सामान का पता लगाने और डिलीवरी करने का भी आदेश दिया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने एयरलाइन को ७ दिसंबर की रात ८ बजे तक बाधित या रद्द उड़ानों के सभी लंबित रिफंड का भुगतान करने का भी निर्देश दिया। मंत्रालय ने इंडिगो को प्रभावित यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क नहीं लेने और यात्रियों की सक्रिय सहायता के लिए समर्पित सहायता और रिफंड सुविधा प्रकोष्ठ स्थापित करने का निर्देश दिया। एयरलाइनों को सामान की ट्रैकिंग और डिलीवरी के संबंध में स्पष्ट संचार बनाए रखने और जहाँ लागू हो, मुआवजा प्रदान करने के लिए कहा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, छात्रों और तत्काल चिकित्सा यात्रा वाले



यात्रियों के लिए सुचारू सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मजबूत निगरानी पर जोर दिया, जबकि पूर्ण परिचालन सामान्यता बहाल करने के प्रयास जारी हैं। जैसे–जैसे संकट गहराता गया, इंडिगो ने ५ से १५ दिसंबर २०२५ के बीच यात्रा के लिए रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क पर पूरी छूट की घोषणा की। एयरलाइन ने कहा कि रिफंड स्वचालित रूप से मूल भुगतान विधि में संसाधित हो जाएगा, यात्रियों को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस उपाय का उद्देश्य बड़े पैमाने पर व्यवधानों के जारी रहने के दौरान 'अधिकतम लचीलापन' प्रदान करना है।

# गाजियाबाद में आभूषण विक्रेता की चाकू घोंपकर हत्या, हिरासत में आरोपी

गाजियाबाद। जिले के मोदीनगर में एक आभूषण विक्रेता की दुकान में लूटपाट के दौरान हमलावर ने विक्रेता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि घटना बृस्पतिवार सुबह की है जब जिले के मोदीनगर के गोविंदपुरी इलाके में आभूषण विक्रेता गिरधारी लाल वर्मा (७५) की दुकान में एक व्यक्ति लूट के इरादे से घुसा था। अधिकारी ने बताया कि वर्मा के विरोध करने पर हमलावर ने तीन बार चाकू से उन पर वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वर्मा के ४६ वर्षीय बेटे रूपिंदर वर्मा दुकान के ऊपर पहली मंजिल पर रहते हैं और शोर सुनकर वह बीच–बचाव करने के लिए दौड़े। लड़ाई के दौरान उन्हें भी चाकू से चोट लगी, लेकिन एक पड़ोसी की मदद से उन्होंने लुटेरे को काबू में कर लिया और पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी की पहचान उसी इलाके के रहने वाले अंकित के रूप में हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, उसने लूटपाट करने और विरोध करने पर गिरधारी लाल को चाकू मारने की बात कबूल कर ली। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय व्यापारी संघ ने शुरू में विरोध में बाजार बंद करने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद इसे टाल दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# जमीन के विवाद में भतीजे ने चाचा को गोली मारी, रिवॉल्वर जब्त

प्रयागराज। प्रयागराज के शिवकुटी पुलिस थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को जमीन के विवाद में एक व्यक्ति ने अपने चाचा को गोली मार दी। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए



बताया कि आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम थाना शिवकुटी क्षेत्र में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि ओम शिव पांडेय ने अपने चाचा विजय पांडेय पर गोली चलाई जिसमें विजय पांडे को तीन गोलियां लगी हैं। उन्होंने बताया कि विजय पांडेय को स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी और घायल व्यक्ति के बीच कई वर्षों से पारिवारिक संपत्ति का विवाद है। दोनों ही पेशे से अधिवक्ता हैं। शांडिल्य ने बताया कि आरोपी ओम शिव पांडेय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनका लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त कर ली गई है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उद्घाटन की तिथि शीघ्र, तैयारियां हुई तेज

नोयडा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पुनः जेवर आगमन जेवर क्षेत्र ही नहीं वरन् पूरे एनसीआर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन की तिथि शीघ्र घोषित होने जा रही है, जिसके मद्देनजर पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह व विकास का माहौल है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह पिछले कई दिनों से गांव–गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की प्रस्तावित ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने हेतु जनजागरण चलाया ज रहा है। इस दौरान महिलाओं, युवाओं, किसानों, व्यापारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग एवं उत्साह देखने योग्य है। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट केवल जेवर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के



आर्थिक और औद्योगिक भविष्य को नई शिखर तक ले जाएगा। एयरपोर्ट के आस–पास बनने वाली औद्योगिक इकाइयां, निवेश और बुनियादी सुविधाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह के द्वारा जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट उनके सपनों को साकार करने वाला होगा। महिलाओं ने इसे आत्मनिर्भरता और सुरक्षा के नए युग की शुरुआत बताया। वहीं युवाओं ने रोजगार के बढ़ते अवसरों को लेकर उत्साह व्यक्त किया। अंत में विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह अवसर केवल एयरपोर्ट के उद्घाटन का नहीं, बल्कि जेवर के उज्जवल भविष्य का उत्सव है। हम सब मिलकर प्रधानमंत्री जी का भव्य स्वागत करेंगे।

# किन्नर कैदी ने कथित तौर पर बाथरूम में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के डासना में स्थित जिला कारागार में २५ साल के एक किन्नर कैदी ने कथित तौर पर अपने बैरक के बाथरूम में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने पुष्टि की कि मरने वाले की पहचान राहुल उर्फ परी के तौर पर हुई है। ड्यूटी पर तैनात एक जेल कांस्टेबल ने बुधवार रात कैदी को फांसी पर लटकते हुए देखा और प्रशासन को इसकी जानकारी दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे, और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# उच्च न्यायालय ने हत्या के लिए ३८ वर्ष पूर्व उम्रकैद की सजा पाए बुजुर्ग को बरी किया

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हत्या के एक मामले में ३८ वर्ष पूर्व आजीवन कारावास की सजा पाए ६८–वर्षीय एक बुजुर्ग को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने यह कहते हुए बुलंदशहर के सत्र न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय को दरकिनार कर दिया कि हत्या के अपराध में अपीलकर्ता की संलिप्तता अत्यधिक संदेहास्पद प्रतीत होती है और अभियोजन पक्ष अपने मामले को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है । पीठ ने ओंकार नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए बुलंदशहर के सत्र न्यायाधीश के दो दिसंबर, १९८७ के निर्णय और आदेश को दरकिनार कर दिया। निचली अदालत ने आईपीसी की धारा ३०२ (हत्या) और धारा ३४ (सामान्य मंशा) के तहत ओंकार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तथ्यों के मुताबिक, रामजी लाल नामक एक व्यक्ति ने ११ फरवरी, १९८५ को बुलंदशहर के अहमद गढ़ पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज



कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि तीन व्यक्ति– वीरेंद्र, ओंकार और अजब सिंह उसके घर में घुसे और उनके भतीजे राजेंद्र की हत्या कर दी। आपराधिक अपील पर सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता वीरेंद्र और अजब सिंह की मृत्यु हो गई। हालांकि, मौजूदा अपील की सुनवाई जीवित बचे एकमात्र अपीलकर्ता ओंकार सिंह के आग्रह पर की गई। अदालत ने कहा, ''उस अपराध में अपीलकर्ता की संलिप्तता अत्यधिक संदेहास्पद प्रतीत होती है। अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे अपने मामले को साबित करने में विफल रहा है और वह यह साबित नहीं कर सका कि अपीलकर्ता ओंकार अन्य लोगों के साथ प्राथमिकी दर्ज कराने वाले व्यक्ति के घर में घुसा और राजेंद्र की हत्या की।'' अदालत ने आगे कहा, ''इसलिए, निचली अदालत सही परिप्रेक्ष्य में साक्ष्य का आकलन करने में विफल रही और उसने अवैध ढंग से अपीलकर्ता ओंकार को दोषी ठहराया और सजा सुनाई।'' अदालत ने एक दिसंबर को दिए अपने निर्णय में अपीलकर्ता को बरी करते हुए कहा कि अपीलकर्ता ओंकार सिंह जमानत पर हैं। अपीलकर्ता ओंकार को आत्मसमर्पण करने की आवश्यकता नहीं है।

# बांके बिहारी मंदिर में हिंसक झड़प का मामला: दो सिपाहियों, चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी

मथुरा। मथुरा–वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में चार नवंबर को हुई हिंसक घटना के सिलसिले में अदालत के आदेश के बाद महिला थाने में दो पुलिसकर्मियों और चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में पुलिस आरक्षी जगवेंद्र और अजीत के अलावा चार अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता छह अन्य लोगों के साथ मंदिर गई थी, जब आरोपियों ने कथित तौर पर शराब के नशे में उस पर अश्लील टिप्पणियां कीं और उसे परेशान किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि जगवेंद्र और अजीत ने उसे घसीटकर ले जाने का प्रयास किया तथा जब उसने और उसके भाइयों ने विरोध किया तो उन्होंने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसका अपमान किया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उसके भाई को चोटें आईं और उन्होंने बीच–बचाव करने वालों को भी धमकाया। उसने दावा किया कि उसके साथी श्रद्धालुओं से ६०,००० रुपये समेत कीमती सामान छीन लिया गया और उसके भाइयों के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी कार्रवाई करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वृंदावन पुलिस और महिला थाने में पहले की गई शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। घटना के बाद उसके भाइयों का सैन्य अस्पताल में इलाज कराया गया।

# वाराणसी पुलिस ने काशी तमिल संगमम् की सुरक्षा के लिए अगली पीढ़ी के ड्रोन तैनात किए

वाराणसी। जिला पुलिस ने काशी तमिल संगमम् के चौथे संस्करण के लिए नयी पीढ़ी के ड्रोन का एक उन्नत बेड़ा तैनात करके निगरानी बढ़ा दी है। वाराणसी आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त सरवणन थंगमणि के अनुसार, १० सदस्यों वाली एक समर्पित ड्रोन टीम कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''हम नयी पीढ़ी के ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले साल भी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था लेकिन वह बहुत कम था। हम तीन तरह के ड्रोन इस्तेमाल कर रहे हैं– 'मिनी ड्रोन', 'माइक्रो ड्रोन' और 'नैनो ड्रोन'।'' उन्होंने ड्रोन बेड़े की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'मिनी ड्रोन' अद्वितीय है क्योंकि यह स्वयं चार्ज हो जाता है और यह अन्य बैटरी–आधारित मॉडल के विपरीत चौबीस घंटे काम कर सकता है। उन्होंने बताया, ''यह ड्रोन चौबीस घंटे चालू रहने और किसी भी क्षेत्र में निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने में सक्षम है।'' अधिकारी ने



'माइक्रो ड्रोन' के बारे में बताया कि यह दो किलोमीटर के विशाल क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सरवणन ने कहा, ''यह एक बड़े क्षेत्र को कवर कर सकता है और इसका उपयोग नमो घाट के पीछे के जंगल में किया जाएगा।' नमो घाट वह क्षेत्र है जहां दो दिसंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी 'तमिल संगमम् ४.०' का उद्घाटन किया था। तीसरे प्रकार के ड्रोन 'नैनो ड्रोन' हैं जो संदिग्ध गतिविधियों की तस्वीरें एकत्र कर सकते हैं। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि अगर कोई कार किसी इलाके में असामान्य रूप से लंबे समय तक खड़ी रहती है तो यह ड्रोन उस वाहन को स्कैन करता है और पुलिस को उसकी तस्वीर मुहैया कराता है। उन्होंने कहा, ''हम इस ड्रोन की खीचीं तस्वीरों के आधार पर कार्रवाई करते हैं।'' सरवणन ने बताया कि तीनों प्रकार के ड्रोन (मिनी, माइक्रो और नैनो) द्वारा उपलब्ध कराए गए निगरानी डेटा कोआवश्यक कार्रवाई के लिए तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साझा किया जाता है।

# एनआईए ने हथियार तस्करी मामले में कई राज्यों में छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया

लखनऊ। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को हथियार एवं गोला–बारूद तस्करी के मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार सहित तीन राज्यों में कई स्थानों पर व्यापक छापेमारी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एनआईए की २२ टीम ने बिहार के नालंदा, शेखपुरा और पटना जिलों में सात स्थानों, उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में १३ स्थानों और हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में दो स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में विभिन्न बोर के हथियार और गोला–बारूद, एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल और इलेक्ट्र निक उपकरण, फर्जी और संदिग्ध पहचान दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। जांच एजेंसी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाशी के बाद एनआईए ने पटना से शशि प्रकाश, शेखपुरा से रवि रंजन सिंह और कुरुक्षेत्र से विजय कालरा और कुश कालरा को अवैध गोला–बारूद की तस्करी, बिक्री और खरीद में शामिल बड़े गिरोह में उनकी सक्रिय भागीदारी के आरोप में गिरफ्तार किया। मामले में एनआईए की जांच के अनुसार, साजिश के तहत गोला–बारूद की तस्करी हरियाणा से उत्तर प्रदेश




में की जा रही थी, और फिर उसे बिहार तथा देश के अन्य हिस्सों में पहुंचाया जा रहा था। यह मामला इस वर्ष जुलाई में बिहार में शुरू हुआ था, जहां स्थानीय पुलिस ने कई हथियार और गोला–बारूद जब्त करने और बरामदगी के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनकी पहचान राजेंद्र प्रसाद, कुमार अभिजीत, शत्रुधन शर्मा और विशाल कुमार के रूप में हुई थी। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर अगस्त में मामले को अपने हाथ में लेने वाली एनआईए अपनी जांच जारी रखे हुए है।

# कुशीनगर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में हुए सड़क हादसेमें एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात लगभग ११ बजे जिले के नेबुआ–पनियहवा राजमार्ग पर हुई जब रामनगर के निवासी रंजन (३५) और दिनकर (३०) मोटरसाइकिल से पनियहवा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि छितौनी कस्बे में पेट्रोल पंप के मोड़ के निकट पहुंचने पर तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार जोरदार टक्कर के कारण मोटरसाइकिल सवार दिनकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रंजन गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से तुर्कहा में स्थित सामूहिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हनुमानगंज के थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नौ वर्षीय दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

मेरठ। जिले की एक विशेष अदालत ने नौ वर्षीय दिव्यांग बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और ५५ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र चौहान एवं अवकाश जैन ने शुक्रवार को बताया कि विशेष अदालत (प क्सो अधिनियम) के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद बाबर खान ने शुक्रवार को आरोपी वीरेंद्र निवासी ग्राम शाफियाबाद लोटी, थाना मुंडाली को दुष्कर्म और प क्सो अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई और ५५ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अधिवक्ताओं के अनुसार यह मामला २६ मई २०२२ को मुंडाली थाना में दर्ज हुआ, जिसमें वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी नौ वर्षीय पुत्री से आरोपी ने उसके घर में घुसकर बलात्कार किया था। वादी ने बताया कि पीड़िता मंदबुद्धि है, बोल नहीं पाती तथा पैरों से भी अपंग है। पुलिस ने जांच पूरी कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया और शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने के बाद सजा सुनाई गई। पुलिस ने दावा किया कि उसकी प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने सजा सुनाई।

## ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताते ग्राम पंचायत अधिकारी




लखीमपुर खीरी। जनपद के मोहम्मदी ब्लॉक सहित सभी मुख्यालयों पर ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर उन्होंने १० सूत्री मांग पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा है। पंचायती अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के पदाधिकारीगण सौरभ प्रकाश सिंह, मोहित मिश्रा ,धीरज राणा, राहुल राज, रोली शुक्ला, महिमा गुप्ता सौरभ चौधरी समेत सभी ग्राम विकास अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्य सचिव पंचायती राज, प्रमुख सचिव ग्राम विकास, आयुक्त ग्राम विकास और निदेशक पंचायती राज को मांग पत्र भेजा है जिसमें उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित कार्य में प्रणाली प्रबंधन आवारा पशु को पकड़वाने समय तमाम कार्यों में लगाए जाने और कई ग्राम सभाओं का कार्यभार दिए जाने से कार्य अधिकता होने के चलते अ नलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग कर रहे हैं धरना स्थल पर बैठकर प्रदर्शन करने से तमाम विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं जिसके चलते लोग खासे परेशान हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश ध्अध्यक्ष शिव कुमार सिंह के निर्देशन में दिनांक ५.१२.२०२५ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी द्वारा जिला पंचायत इंटर कॉलेज काला आम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मे जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय वर्मा,शिक्षक एव उपस्थित बच्चों को सचिव/अपर जिला जज वीरेंद्र नाथ पांडे द्वारा राज्य एवं केंद्र के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारेके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही दिनांक १३–१२–२०२५ को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन एवं उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया।

## थाना प्रभारी ने स्वयं को गोली मारी, इलाज के दौरान मौत

जालौन। जिले के थाना कुठौंद के प्रभारी निरीक्षक ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर स्वयं को गोली मार ली जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रभारी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया शुक्रवार की रात्रि लगभग लगभग ६रू३० बजे कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने थाना परिसर के अपने आवास पर सरकारी रिवाल्वर से कथित रूप से स्वयं को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि गोली की आवाज सुनकर थाने के अन्य सिपाही और कर्मचारी प्रभारी निरीक्षक के आवास पर पहुंचे और पाया कि निरीक्षक अरुण कुमार राय खून से लथपथ पड़े हैं। तत्काल उनको स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती करवाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक मेडिकल कॉलेज उरई में इलाज के दौरान रात लगभग ११: ३० बजे प्रभारी निरीक्षक की मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक कुमार ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि अरुण कुमार राय मूल रूप से संत कबीर नगर जनपद के निवासी थे। उनकी मृत्यु की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। वह २०२३ में निरीक्षक के पद के लिए प्रोन्नत किये गये थे। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

## अज्ञात शव को दूसरे इलाके में फेंकने के आरोप में होमगार्ड समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

मेरठ। मेरठ में एक अज्ञात शव को रात के समय दूसरे क्षेत्र में ले जाकर फेंकने के आरोप में एक होमगार्ड सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने सीसीटीवी कैमरे में पुलिसकर्मियों की हरकत सामने आने के बाद यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार शास्त्रीनगर एल ब्लॉक चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में शुक्रवार तड़के लगभग एक बजकर ५० मिनट पर दो पुलिसकर्मियों को बाइक से आते और एक ई–रिक्शा में लाए गए अज्ञात व्यक्ति के शव को एक दुकान के सामने रखकर लौटते देखा गया है। सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान के बाहर शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद लोहिया नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विपिन टाडा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि शव को एल ब्लॉक क्षेत्र में ई–रिक्शा से पुलिस आरक्षी राजेश और होमगार्ड रोहतास द्वारा रखवाया गया था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कांस्टेबल राजेश, होमगार्ड रोहतास तथा एल ब्लाक चौकी प्रभारी (उप निरीक्षक) जितेंद्र को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह को सौंपी गई है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि कुछ मामलों में पुलिस जिम्मेदारी से बचने के लिए शवों को दूसरे क्षेत्रों में छोड़ती है। एसएसपी ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक फूलबेहड़ में एस आई आर कार्य सम्पन्न खंड शिक्षा अधिकारी की अगुवाई में पूरा हुआ कार्य

लखीमपुर–खीरी । ब्लॉक फूलबेहड़ परिसर में आज खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह के नेतृत्व में SIR फॉर्म भरने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं संबंधित स्टाफ मौजूद रहे। गौरतलब है एस आई आर विशेष प्रांगण पुनरीक्षण में १०३८ मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजाइन कार्य मझरा फॉर्म महेवा में बीएलओ गुरमीत कौर शारिक हुसैन जैदी व प्राथमिक विद्यालय मझरा फॉर्म नीलम और सोनी व शितलेश मिश्रा के सहयोग में कार्य पूरा कर लिया गया। कार्य के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और SIR प्रक्रिया के सभी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। साथ



ही उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगी। दिया है। शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी बृजराज सिंह का धन्यवाद किया।

## गोला मे उप जिलाअधिकारी की अध्यक्षता संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन।

गोला गोकर्णनाथ खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल आये शिकायती पत्र मे ऐक का मौके पर किया गया निस्तारण। गोला उप जो कि कुल चौदह व ग्यारह पुलिस बिभाग के रहे,अन्य फरियादियो की शिकारतो का नि निस्तारण करने के लिये सक्षम कर्मचारियो



जिलाअधिकारी प्रतीक्षा तिवारी की अध्यक्षता मे तहसील सभागार मे हो रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कल शिकायती पत्र मिले। जिसमे से ऐक सिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया जिसमे सबसे ज्यादा शिकायती पत्र राजस्व के को अग्रेषित किया गया है। इस अवसर पर गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद तिवारी तहसीलदार भीमचंद्र के सहित तहसील स्तर के तमाम विभागो के सक्षम अधिकारी मौजूद रहे।

## बदमाशों ने बाइक सवार व्यक्ति को गोली मारी, अस्पताल में मौत

आजमगढ़। जिले के जुनेदगंज बाइपास पर शनिवार देर शाम बाइक सवार एक व्यक्ति को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी, जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ अनिल कुमार ने बताया कि जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के कर्मनाथ पट्टी गांव निवासी रजनीश उर्फ राजू (४०) आज शाम लगभग सात बजे बाइक से जिला मुख्यालय की ओर आ रहे थे, जैसे ही वह जुनेदगंज बाइपास स्थित श्याम हॉस्पिटल के पास पुलिया पर पहुंचे, पीछे से आए बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। कुमार ने बताया कि गोली उनके दाहिने कंधे में लगी और वह मौके पर ही गिर पड़े। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी रंजना पांडेय, जो जिला महिला अस्पताल में तैनात हैं, भी अस्पताल पहुंच गईं। उन्होंने जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा धमकाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी होते ही एसपी डॉ. अनिल कुमार तथा सीओ सिटी शुभम तोदी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# धन्नीपुर मस्जिद परियोजना पूरी होने की संभावित समय सीमा अप्रैल २०२६, एडीए की मंजूरी का इंतजार

लखनऊ। वर्ष १९९२ में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के ३३ साल बाद, धन्नीपुर गांव में नयी मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल २०२६ हो सकती है। इस परियोजना का काम देख रहे ट्रस्ट के प्रमुख ने यह जानकारी दी। इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन (IICF) के अध्यक्ष जफर फारूकी ने कहा, 'यदि सब कुछ ठीक रहा और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) मस्जिद के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी दे देता है, तो मस्जिद परियोजना के लिए संभावित समय सीमा अप्रैल २०२६ हो सकती है। मस्जिद के संशोधित ले आउट प्लान को हम दिसंबर के अंत तक जमा करने की उम्मीद कर रहे हैं।' हालांकि, मस्जिद परियोजना के आसपास के विवादों और आरोप–प्रत्यारोप के बावजूद, पांच साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मूल मस्जिद योजना के बारे में अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। अयोध्या जिला प्रशासन ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर इसके लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित की थी। फारूकी ने कहा कि मस्जिद का पहला ले आउट प्लान अयोध्या विकास प्राधिकरण (ADA) द्वारा खारिज कर दिया गया था, लेकिन इससे पहले IICF ने समुदाय के विरोध के कारण इसे छोड़ने का फैसला किया था और एक अधिक पारंपरिक डिजाइन को अपनाने का फैसला



किया था। ADA की मंजूरी मस्जिद निर्माण के लिए पहला महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन IICF के सामने अन्य दबावपूर्ण मुद्दे भी हैं, जिनमें धन्नीपुर स्थल पर पर्याप्त जमीन की कमी शामिल है। फारूकी ने कहा, 'यह शुरुआती दिन हैं। हम आवंटित जमीन का उपयोग करना चाहते हैं, लेकिन यदि मस्जिद परियोजना के लिए अतिरिक्त जमीन हासिल करने में समस्या आती है, तो परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने की संभावना है।' यह मस्जिद परियोजना के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से पूरा होने की पहली आधिकारिक संकेत है, जिसमें संभावना है कि कुछ निर्माण कार्य वर्तमान धन्नीपुर स्थल से अलग स्थान पर किया जाएगा। फारूकी ने कहा कि धन्नीपुर स्थल अयोध्या शहर से दूर होने के कारण मस्जिद और आसपास के परिसर के लिए स्थान परिवर्तन की संभावना नहीं है। लंबी और कड़ी कानूनी लड़ाई के बाद उच्चतम न्यायालय की पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने नौ नवंबर, २०१९ को २.७७ एकड़ जमीन एक ट्रस्ट को उस जगह पर राम मंदिर बनाने के लिए सौंप दी थी जबकि मस्जिद के लिए अयोध्या में एक 'प्रमुख जगह' पर पांच एकड़ जमीन आवंटित की। फारूकी ने बताया, 'हमें धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण, असल क्षेत्रफल सिर्फ चार एकड़ के आसपास ही है, इसलिए निश्चित रूप से परियोजना के एक से ज्यादा जगहों पर आने की काफी संभावना है।' हालांकि, उन्होंने इस सिद्धांत को खारिज कर दिया कि धन्नीपुर स्थल के मुख्य अयोध्या शहर से दूर होने के कारण, मस्जिद और आस–पास के क म्प्लेक्स (जिसमें ५०० बिस्तरों का अस्पताल, एक सामुदायिक रसोई, और शैक्षणिक संस्थान शामिल हैं) के लिए जगह बदलने पर मजबूर कर सकती थी। फारूकी ने कहा, ष्मस्जिद परियोजना की तुलना राम मंदिर के निर्माण से करना गलत है।' यह मानते हुए कि एडीए की मंजूरी मिलने के बाद भी, आईआईसीएफ को काफी धन की जरूरत होगी। फारूकी ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि मस्जिद, 'वजूखाना' (वुजू करने की जगह) और उससे जुड़े निर्माण पर अकेले करीब ६५ करोड़ रुपये का खर्च आएगा। हमारे पास अभी मुश्किल से तीन करोड़ रुपये से कुछ ज्यादा हैं।' उन्होंने माना कि मस्जिद परियोजना के लिए दान और लोगों की प्रतिक्रिया अभी बहुत कम है।

## एसआईआर का आंकड़ा प्रकाशित करे, बीएलओ पर जानलेवा दबाव न डाला जाए: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अब तक हुए काम को प्रकाशित करने और यह सुनिश्चित करने की मांग की कि बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर 'जानलेवा दबाव' न डाला जाए। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मांग की कि राज्य में एसआईआर का जितना भी काम हुआ है, उसका आंकड़ा प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा, "बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अर्धित लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए।" यादव ने कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि सत्ताधारियों के दल और उनके संगी–साथी पिछले दरवाजे से इस काम में अब नहीं हैं और न आगे कभी होंगे। सपा प्रमुख ने मांग की, "इस बात की पक्की जांच–पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

# कार्तिक आर्यन ने शेयर की बहन की शादी की अनदेखी तस्वीरें

मुम्बई। अभिनेता कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। बीते कुछ दिनों से शादी की रस्मों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल थे। शनिवार को अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें हर कोई शादी के रंग



में रंगा नजर आ रहा है। अभिनेता ने बहन के लिए भावुक नोट लिखा समय धीरे–धीरे हमारी जिंदगी को बदल देता है। आज का दिन भी कुछ ऐसा ही था। अपनी 'कीकी' को दुल्हन बनते देखकर लग रहा है, जैसे कई साल एक ही पल में सिमट गए। उन्होंने लिखा कीकी, मैंने तुम्हें एक छोटी बच्ची की तरह बढ़ते हुए देखा है, जो हर जगह मेरे पीछे–पीछे घूमती थी। आज तुम एक खूबसूरत, मजबूत और खुश दुल्हन बनकर अपनी नई जिंदगी की ओर बढ़ रही हो। अभिनेता ने लिखा कीकी, तुम जैसी हो, मुझे तुम पर गर्व है। बचपन की हमारी हंसी, लड़ाइयां, राज और हर याद के लिए मैं दिल से शुक्रगुजार हूं। उन्होंने यह भी लिखा आज जब तुम आगे चल रही थी, तो मेरा दिल तुम्हारे साथ ही था। अब तुम भले ही एक नए जीवन में आगे बढ़ रही हो, लेकिन मेरे लिए तुम हमेशा छोटी बहन ही रहोगी और मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि तुम इतने सच्चे, अनमोल और केयरिंग इंसान के साथ हो। कृतिका अभिनेता कार्तिक से छोटी हैं। दोनों अक्सर सोशल मीडिया के जरिए अपना बॉन्ड शेयर करते रहते हैं। अभिनेता कार्तिक आर्यन एक्ट्रेस अनन्या पांडे के साथ जल्द ही 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में दिखाई देंगे। यह फिल्म २५ दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म पहले ३१ दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। लेकिन, मेकर्स ने रिलीज डेट में बदलाव किया है। समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित फिल्म धर्मा प्रोडक्शन और नमः पिक्चर्स के बैनर तले रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# तालियों की गड़गड़ाहट से दर्शकों ने लुटाया अनुपम खेर पर प्यार

मुम्बई। चार दशकों से लगातार अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अनुपम खेर आज भी हिंदी सिनेमा में सक्रिय हैं। एक्टर का जलवा सिर्फ हिंदी सिनेमा में ही नहीं, अब थिएटर में भी चल रहा है। थिएटर से ही अपनी कला को निखारने वाले अनुपम खेर को दोबारा स्टेज पर देखकर दर्शक बहुत खुश हैं और खड़े होकर तालियां बजा रहे हैं। इतना सम्मान पाकर अभिनेता खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। अभिनेता अनुपम खेर अपने जीवन पर आधारित नाटक 'कुछ भी हो सकता है' को अलग–अलग थिएटर में परफ र्म कर रहे हैं। अब उन्होंने बेंगलुरु में अपना शो किया, जहां अभिनेता की एक्टिंग देखकर फैंस ने खड़े होकर तालियां बजाई। अभिनेता ने इन पलों को अपने कैमरे में कैद कर लिया है। अपने इंस्टाग्राम पर शो की झलकियां शेयर करते हुए उन्होंने लिखा लगातार बजती तालियां, कल रात मेरे नाटक "कुछ भी हो सकता है" में दर्शकों की क्या ही शानदार उपस्थिति थी। जीवंत, गर्मजोशी से भरे और उदारता से परिपूर्ण दर्शकों का दिल से ध न्यवाद। मैं उन सभी अद्भुत लोगों का भी दिल से शुक्रिया कहना चाहता हूं, जिन्होंने नाटक में पूरी भागीदारी निभाई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि अनुपम खेर को मंच पर देखकर दर्शक बहुत खुश हैं और उनकी एक्टिंग को खूब सराह रहे हैं। इससे पहले अनुपम खेर ने एक और वीडियो पोस्ट की थी, जिसमें वे इसी शो से पहले नर्वस दिखे थे। उन्होंने वीडियो में कहा था मैं अपना शो 'कुछ भी हो सकता है' करने जा रहा हूं। घबराहट, टेंशन और नर्वसनेस पूरी तरह से हावी है, लेकिन शो तो



करना पड़ेगा क्योंकि लोगों ने टिकटें खरीद रखीं हैं। इसलिए मुझे ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद भेजिए, जिससे मैं शो को अच्छे तरीके से कर पाऊं। बता दें कि अनुपम खेर फिल्मों में सक्रिय होने के साथ अब मंच पर भी अपनी अदाकारी दिखा रहे हैं। अभिनेता खुद का एक्टिंग स्कूल "एक्टर प्रिपेयर्स" भी चलाते हैं, जहां वे नए कलाकारों को एक्टिंग के गुण सिखाते हैं। अभिनेत्री सेलीना जेटली ने भी अनुपम खेर के स्कूल "एक्टर प्रिपेयर्स" से ही एक्टिंग सीखी थी और दो महीने के कोर्स के दौरान उन्हें पहली फिल्म मिली थी।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email- adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक